
# मध्यप्रदेश वर्ष-2025 तक होगा क्षयरोग मुक्त : डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से वीसी में चर्चा, प्रदेश में 2 हजार ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

**भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में टीबी मुक्त अभियान के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला स्तर पर जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को पूरी तरह टीबी मुक्त किया जाएगा।**

इस दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। विशेष कर सघन बस्तियों और अन्य जगहों पर कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में 2 हजार से अधिक ऐसी ग्राम पंचायत हैं जो पूर्णतः टीबी मुक्त हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उज्जैन जिले की 56 ग्राम पंचायत को भी टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए वर्ष 2025 तक मध्यप्रदेश को पूर्ण रूप से टीबी मुक्त बनाया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में शनिवार को 100 दिवसीय तीव्र टीबी उन्मूलन अभियान और टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए नई दिल्ली में बैठक हुई। डॉ. यादव वीडियो कांफ्रेंसिंग में उज्जैन से सम्मिलित हुए। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के साथ ही अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश फूड बास्केट बांटने में देश में दूसरे स्थान है। प्रदेश में 3 हजार से अधिक शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। साथ ही 122 से अधिक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई हैं। यही नहीं 5 हजार से अधिक लोगों ने निक्षय मित्र बनने की शपथ ली है। मध्यप्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए उद्योग, कारखानों, ईंट भट्टों और सघन बस्तियों में विशेष टीबी जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 40 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें टीबी परीक्षण और उसके उपचार के संबंध में भी व्यापक जानकारी देकर के साथ निक्षय मित्र बनाए जा रहे हैं। आगामी 26 जनवरी तक चलने वाले जनकल्याण अभियान में टीबी मुक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश में पूरी ताकत के साथ कार्य किया जाएगा।




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाना है। इसके लिए सभी राज्य अपने स्तर पर कार्य करें। देश के 347 जिलों में टीबी के मरीज मिल रहे हैं, ऐसे लोगों का व्यापक रूप से कर उनके उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि रोगियों की टेस्टिंग करें और उनके समुचित उपचार की सुविधा शुरू करें। यापक स्तर पर प्रचार अभियान के साथ कार्य-योजना बनाकर कार्य करें।

## पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान सत्र



**भोपाल ( काप्र )।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशानुसार सभी जिलों की पुलिस लाइनों, पुलिस प्रशिक्षण इकाइयों और विशेष सशस्त्र बल की समस्त वाहिनियों में विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा उन्हें तनाव मुक्त वातावरण प्रदान करना था। इस आयोजन में विशेषज्ञों द्वारा ध्यान और मानसिक संतुलन को बनाए रखने की विभिन्न तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया गया। ध्यान सत्र में शामिल सभी कर्मियों ने इसे अपने कार्य क्षेत्र में उपयोगी और प्रभावशाली बताया। ऐसे कार्यक्रम पुलिसकर्मियों के कार्य प्रदर्शन को बढ़ाने और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अपेक्स बैंक में ध्यान दिवस कार्यक्रम

**भोपाल।** अपेक्स बैंक के टीटी नगर स्थित मुख्यालय भवन के सभागार में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर माननीय सहकारिता व खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देशन में एवं अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज कुमार गुप्ता जी के नेतृत्व में, सहकारिता विभाग, बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण/कर्मचारीगण ने रामचंद्र मिशन भोपाल के प्रेसचिप्टर नील केलकर डा.आरके श्रीवास्तव द्वारा संचालित हार्ट-बेस्ड मेडिटेशन स्पोर्ट्स ट्रांसफोरमेशन सेशन में उपस्थित होकर भरपूर लाभ उठाया। बैंक प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता ने ध्यान का हमारे जीवन में क्या महत्व है और यह क्यों जरूरी है, पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में हमारे खानपान के साथ हमारी कार्यशैली भी तनावपूर्ण है, इसके त्वरित निराकरण हेतु ध्यान ही ऐसा माध्यम है, जो हमें स्वस्थ व सकारात्मक काम करने के लिए प्रेरित करता है । इस अवसर पर अरुण माथुर, मनोज सिन्हा, श्रीमती अरुणा दुबे, कीर्ति सक्सेना, संजय मोहन भटनागर, अरविन्द बौद्ध, करूण यादव, विवेक मलिक, आरव्हीएमपिल्लई, आशीष राजौरिया, अजय देवड़ा उपस्थित हुए।



## 'आप' का 25 को प्रदेशव्यापी आंदोलन

**भोपाल।** भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाती हैं, लेकिन वर्तमान में भाजपा का सर्वत्र कुशासन विद्यमान है जो स्व.वाजपेयी के सपनों को चकनाचूर कर रहा है। भाजपा का यह कैसा सुशासन या कुशासन की थीम पर एवं संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के ऊपर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में उनके त्यागपत्र की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी 25 दिसंबर को प्रदेशव्यापी आंदोलन के अंतर्गत सभी जिलों पर विरोध प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. भूपेंद्र शर्मा विकल ने दी।

